Title: Need for early construction of bridge on river Chambel in Bah Tehsil of Agra district, Uttar Pradesh.- Laid.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोज़ाबाद) : महोदय, १९८८ में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने जनपद आगरा (उत्तर प्रदेश) की बाह तहसील में चम्बल नदी पर एक पुल की आधारशिला रखी थी और उस समय उपस्थित जनसमुदाय को आश्वस्त किया था कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश की सीमाओं को जोड़ने वाले इस पुल का अविलम्ब निर्माण कराया जायेगा। ११ वर्ष बीत जाने के बावजूद स्थिति ज्यों की त्यों है। प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के नाम से बनने वाले इस पुल पर निर्माण कार्य शुरू न कराये जाने के कारण उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के लोगों को अत्यधिक असुविधा हो रही है और बहुत लम्बा फासला तय करने के बाद गंतव्य स्थल पर पहुंचा जाता है।

सरकार को अविलम्ब इस पुल का निर्माण करके तीनों प्रान्तों की जनता के आवागमन की असुविधा को अविलम्ब दूर करना चाहिए।